अम्बाह स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, अम्बाह, जिला मुरैना (म.प्र.)

शासी निकाय की बैठक दिनांक 30–05–2022

समय .... मध्यान्ह 11:00 बजे

स्थानः प्राचार्य कक्ष – स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह

मीटिंग में उपस्थित/अनुपस्थित अधिकारियों/सदस्यों की हस्ताक्षरयुक्त सूचीः–

<u>उपस्थित पदाधिकारीः–</u>

1. डॉ. ओ.पी. शुक्ला– अध्यक्ष, शासी निकाय
2. श्री राजकुमार व्यास –सदस्य, शासी निकाय
3. श्री गुणाकर शर्मा एडवोकेट, मुरैना – सदस्य– शासी निकाय
4. श्री प्रवीण शर्मा, एडवोकेट– सदस्य, शासीनिकाय
5. डॉ. प्रकाश चन्द्र शर्मा, अम्बाह – सदस्य– शासी निकाय
6. डॉ. एम. आर. कौशल – अति. संचालक, उच्चशिक्षा, ग्वा. चम्बल संभाग, ग्वालियर – शासन प्रतिनिधि –
7. प्रो. विश्वास मेढ़ेकर – शिक्षक प्रतिनिधि –, महाविद्यालय अम्बाह –
8. डॉ. कमल भारद्वाज – शिक्षक प्रतिनिधि –, महाविद्यालय अम्बाह –
9. डॉ. शिवराज सिंह तोमर प्राचार्य, महाविद्यालय अम्बाह (पदेन सचिव)–उपस्थित

<u>अनुपस्थित पदाधिकारीः–</u>

1. श्री संजय शर्मा– सी.ई.ओ. ओरविट केम ग्वालियर (उद्योगपति)– अनुपस्थित
2. डॉ. समीर भागवन्त – जी.वि.वि. ग्वालियर, (विश्वविद्यालय, प्रतिनिधि)– अनुपस्थित
3. डॉ. रेखा भदौरिया, सेवा निवृत – प्राध्यापक– (जी.यू. ग्वालियर) होशंगाबाद, रोड़, भोपाल (यू.जी.सी. प्रति.) – अनुपस्थित

आज दिनांक 30–05–2022 को अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह की शासी निकाय की बैठक मध्यान्ह 11:00 बजे अध्यक्ष– डॉ. ओ.पी. शुक्ला की अध्यक्षता में महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें पूर्व निर्धारित एजेन्डा के अनुसार विचार कर निम्न ठहराव पारित किये गयेः–

1. महाविद्यालय शासीनिकाय की पिछली बैठक दिनांक 16–11–2021 की मिनिट्स पुष्टि हेतु समिति में रखी गई, जिसकी पुष्टि की गई।
2. ''बस सेवा'' अनुबंध संबंधी जानकारी से समिति को अवगत कराया गया।

D:\GB Meeting\minits jan08\Page No.543

3. वित्त समिति बैठव दिनांक 13/05/2022 को मिनिट्स पुष्टि हेतु समिति में रखी गई। समिति ने वित्त समिति द्वारा दिये गये सुझावों का अध्ययन किया जिसके उपरान्त निम्न निर्णय पारित किया।

(अ) विगत सत्र में शेष रहे रसायन प्रयोगशाला के अवशेष कार्य को पूर्ण करने की स्वींकृति प्रदान की गई।

(ब) नवीन प्रस्तावित कार्यों की पूर्ण कराने के दिये गये सुझावों को मान्य कर स्वींकृति प्रदान की जाती है।

(स) अन्यः– शुल्क वृद्धि पर विचार किया गया इस संबंध में शासन के पत्र दिनांक 05/04/2022 को मान्य कर शुल्क में वृद्धि नहीं किये जाने की अपनी अनुमति प्रदान की गई।

(द) यह कि C.C./T.C. में की गई शुल्क वृद्धि मान्य की गई। इसके साथ ही प्रोस्पेक्ट्स का मूल्य 150/– मान्य कर स्वींकृति प्रदान की गई।

उपरोक्तानुसार ही वित्त समिति ने कार्यरत स्टाफ के वेतन में वृद्धि करने पर दिया गया सुझाव मान्य कर स्वींकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार कंटिजैन्सी बढ़ोत्तरी में दिये गये सुझाव को मान्य कर स्वींकृति प्रदान की गई।

4. रसायन विभाग मे डॉ. राम किशोर उपाध्याय की 28/17 के अन्तर्गत की गई (दिनांक 01/12/2021 से की गई) नियुक्ति की पुष्टि की गई।

5. म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा जारी परिपत्र क्रं. 328/35/आउशि/शा.–5अ/2022 दिनांक 05/04/2022 से समिति को अवगत कराया गया जो समिति द्वारा मान्य किया गया। और पत्र के निर्देशानुसार फीस मे वृद्धि नहीं किये जाने वावत् प्राचार्य को निर्देशित किया गया। अन्त में वित्त समिति की मीटिंग दिनांक 13/05/2021 की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

शुल्क वृद्धि के संबंध मे वित्त समिति के सुझाव–शासन को प्रबंधन द्वारा पत्र लिखे जाने संबंधी सुझाव को मान्य किया जाता है।

6. "नैक" के संबंध में प्राचार्य एवं डॉ. कमल भारद्वाज द्वारा जानकारी से समिति को अवगत कराया गया।

अन्यः–

1. हॉस्टल भवन के उचित उपयोग करने हेतु "शिक्षा समिति परागना, अम्बाह" को पत्र भेजा जावे जिसमें उसके उचित कार्य मे उपयोग करने हेतु लिखा जावे।

2. शिक्षकों के संबंध में आचार संहिता रखी गई, जिसे मान्य किया गया।

D:\GB_Meeting\minutes.pmd\Page No.344

5. महाविद्यालय के मैप के मानचित्र जो डॉ. दिनेश रावत के निर्देशक में भूगोल विभाग द्वारा तैयार किया गया है, उसे समिति के समक्ष रखा गया। अवलोकन कर समिति ने उसकी प्रशंसा की। इसी प्रकार नैक हेतु तैयार की गई रिपोर्ट का भी समिति को आवलोकन कराया गया, जिसकी समिति द्वारा सराहना की गई।

अन्त मे धन्यवाद ज्ञापित कर मीटिंग की कार्यवाही समाप्त की गई।

दिनांक– 30/05/2022

हस्ताक्षर	हस्ताक्षर
डॉ. ओ. पी. शुक्ला	डॉ. शिवराज सिंह तोमर
अध्यक्षः– शासी निकाय	प्राचार्य/सचिव

हस्ताक्षरः–

1. राजकुमार व्यास
2. गुणाकर शर्मा
3. प्रवीण कुमार शर्मा
4. डॉ. प्रकाश चन्द्र शर्मा
5. डॉ. एम.आर. कौशल
6. प्रो. विश्वास मेढ़ेकर
7. डॉ. कमल भारद्वाज